# आश्रय श्याम का | by Mahesh Parmar

घडी घडी और पल पल छिन छिन नाम रटूं मैं तेरा
श्याम तेरा दास तेरा , मेरा तेरे भरोसे डेरा

बुरो बुरो मैं बहुत बुरो हूँ आखिर टाबर तेरा
मेरे जुलम की फरद पहाड़ दो गुनहगार हूँ तेरा
श्याम तेरा दास तेरा , मेरा तेरे भरोसे डेरा

काम क्रोध मद लोभ प्रभु जी चौ तरफा से घेरा
जासे मार्ग दिखे ना ही चारों तरफ अँधेरा
श्याम तेरा दास तेरा , मेरा तेरे भरोसे डेरा

बेगा पधारो श्याम बिहारी बांह पकड़ लो मेरा
मनडो म्हारो कयो ना माने हठ ठाने बहु तेरा
श्याम तेरा दास तेरा , मेरा तेरे भरोसे डेरा

अरज करण को जोर प्रभु जी और कछु ना मेरा
विप्र मंडल को आस तिहारी दे चरणों में बसेरा
श्याम तेरा दास तेरा , मेरा तेरे भरोसे डेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-mahesh-parmar/